मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-157
22/03/2025

मुख्यमंत्री ने एम0एल0ए0–एम0एल0सी0 आवास परिसर का लिया जायजा, निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश, मीठापुर–महुली एलिवेटेड पथ के निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश, बख्तियारपुर–मोकामा फोरलेन (एन0एच0–31) के आर0ओ0बी0 का किया शुभारंभ

पटना, 22 मार्च 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज एम0एल0ए0 (विधायक) एवं एम0एल0सी0 (विधान पार्षद) आवास परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस नये आवास परिसर में विधान पार्षदों के लिये बनाए गए 75 फ्लैट उन्हें आवंटित कर दिया गया है। एम0एल0ए0 (विधायक) के लिए 246 फ्लैट बनाए जा रहे हैं जिसमें से 88 फ्लैट विधायक को आवंटित किए गए हैं। बचे हुए 188 फ्लैटों का निर्माण दो महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कैंटिन, कम्युनिटी हॉल, गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य के संबंध में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एम0एल0ए0 फ्लैट के निचले और ऊपरी तल के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया। विधायक एवं विधान पार्षदों के लिये बनाये जा रहे नये आवास परिसर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि परिसर के अंदर के रास्ते को ठीक रखें, साफ–सफाई की व्यवस्था रखें, साथ ही परिसर में वृक्षारोपण भी कराएं। निर्माणाधीन कार्यों को तेजी से पूर्ण करें।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मीठापुर–महुली पथ का जायजा लिया। इस दौरान बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर–महुली पथ की लंबाई 11 कि0मी0 है। इसके बचे हुए निर्माण कार्य को अप्रैल माह तक पूरा कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने मीठापुर फ्लाईओवर रोटरी तथा मीठापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि एलिवेटेड मीठापुर पुल का तथा नीचे के बचे हुए पथ के कार्यों को तेजी से पूर्ण करायें। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी, बाईपास जाम से भी लोगों को मुक्ति मिले। पटना तथा पटना के बाहर जाने वाले लोगों को भी काफी सुविधा होगी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पटना–गया पुराने पथ के चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। पुनपुन तीनमुहानी के पास रुककर मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां से पुनपुन घाट तक जाने के लिए एलिवेटेड सड़क का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। साथ ही लक्ष्मण झूला का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा करें। उन्होंने कहा कि हमारा इस क्षेत्र से पुराना लगाव है। इस क्षेत्र में हम हमेशा आते रहे हैं। इस क्षेत्र के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का मुझे मौका मिला है। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों से मिलकर उनका हाल चाल जाना।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर–मोकामा फोरलेन (एन0एच0–31) के आर0ओ0बी0 का शुभारंभ किया। शुभारंभ करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बख्तियारपुर से मोकामा आने जाने वाले लोगों को और सहूलियत होगी। साथ ही पटना से उत्तर बिहार जाने वाले लोगों का आवागमन सुगम होगा और समय की बचत होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बख्तियारपुर–ताजपुर पथ का निरीक्षण किया और इसे तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******